P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 147

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## लोकतंत्र के मंदिर में वीआईपी संस्कृति का प्रसाद

**अक्षय की बात अपनों के साथ**



मंदिर—जहां आस्था बराबरी सिखाती है, जहां इंसान अपनी हैसियत, पद और पहचान दरवाजे के बाहर छोड़कर भीतर प्रवेश करता है। लेकिन विडंबना देखिए, हमारे जनप्रतिनिधि इस पवित्र स्थान को भी वीआईपी संस्कृति से अछूता नहीं छोड़ पा रहे हैं। लोकतंत्र के नाम पर चुने गए ये लोग जब मंदिर पहुंचते हैं, तो भक्ति कम और विशेषाधिकार ज्यादा दिखाई देते हैं।

लंबी कतारों में घंटों खड़े आम श्रद्धालु, पसीने से तरबतर, धैर्य का परिचय देते हुए भगवान के दर्शन की प्रतीक्षा करते हैं। वहीं दूसरी ओर, जनप्रतिनिधियों के लिए अलग द्वार, अलग मार्ग, और अलग व्यवस्था। क्या भगवान भी अब वीआईपी और आम भक्तों में फर्क करने लगे हैं, या यह फर्क हमने खुद बना लिया है?

जनप्रतिनिधियों का यह व्यवहार केवल धार्मिक स्थल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी मानसिकता को उजागर करता है। जो व्यक्ति जनता के बीच से उठकर सत्ता तक पहुंचता है, वही जनता से दूरी बनाने में सबसे आगे क्यों हो जाता है? मंदिर में वीआईपी दर्शन की चाहत कहीं न कहीं उस अहंकार को दर्शाती है, जो सत्ता के साथ धीरे-धीरे मन में घर कर लेता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह वही जनप्रतिनिधि हैं जो चुनाव के समय हर घर जाकर वोट मांगते हैं? उस समय न कोई वीआईपी गेट होता है, न कोई विशेषाधिकार—तब वे आम जनता के बीच ही खड़े होते हैं। लेकिन जैसे ही कुर्सी मिलती है, मंदिर तक में अलग रास्ता चाहिए।

धार्मिक स्थल समानता और विनम्रता का प्रतीक होते हैं। वहां पर यदि जनप्रतिनिधि भी आम श्रद्धालुओं की तरह कतार में खड़े होकर दर्शन करें, तो यह एक मजबूत संदेश जाएगा—कि लोकतंत्र में सभी बराबर हैं। लेकिन अफसोस, हमारे यहां संदेश देने की बजाय दिखावा करने की होड़ ज्यादा है।

अब समय आ गया है कि जनप्रतिनिधि खुद से सवाल करें—क्या वे सच में जनता के सेवक हैं या केवल विशेषाधिकारों के उपभोक्ता? मंदिर में वीआईपी दर्शन से भगवान खुश हों या न हों, लेकिन जनता जरूर नाराज होती है। और याद रखिए, लोकतंत्र में सबसे बड़ा भगवान जनता ही होती है।

**अगर जनप्रतिनिधि सच में आस्था रखते हैं, तो उन्हें सबसे पहले अपने भीतर के अहंकार को त्यागना होगा—क्योंकि भगवान के दरबार में केवल भक्ति चलती है, पहचान नहीं।**

### न्यूज ब्रीफ

- यूपी : UPESSC सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा 48 केंद्रों पर शुरू, कंट्रोल रूम से हो रही निगरानी
- इस्लामाबाद में सोमवार को हो सकती है अमेरिका-ईरान अगली वार्ता
- उत्तराखंड : केदारनाथ यात्रा के लिए हाईटेक निगरानी, प्रशासन ने पूरी की तैयारी
- चार धाम यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू, पहले दिन 2713 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण
- 'मैं पीसमेकर हूं, 8 युद्धों को खत्म करवाया', बोले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप
- पुणे एयरपोर्ट पर इंडियन एयरफोर्स के फाइटर एयरक्राफ्ट की हार्ड लैंडिंग
- महिला आरक्षण संशोधन बिल : लखनऊ में BJP का प्रदर्शन, अपर्णा यादव ने जलाया सपा-कांग्रेस का झंडा
- रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग पर एक्शन, आरोपी प्रदीप कुमार आगरा से अरेस्ट

# सक्रिय कार्यकर्ताओं को पद देने की तैयारी

## 169 निकायों में 768 एल्डरमैन नियुक्त, 200 से अधिक निकायों में जल्द होंगी नई नियुक्तियां

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक और संगठनात्मक नियुक्तियों की प्रक्रिया तेज कर दी है। पार्टी अब एल्डरमैन (मनोनीत पार्षद) नियुक्तियों को प्राथमिकता देते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में अगले कुछ दिनों के भीतर करीब 1500 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर नियुक्त करने की तैयारी है।

इस रणनीति के तहत 200 से अधिक नगरीय निकायों में एल्डरमैन नियुक्त किए जाएंगे, वहीं 500 से अधिक सरकारी कॉलेजों की जनभागीदारी समितियों में भी नियुक्तियां प्रस्तावित हैं। इन नियुक्तियों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बीच अंतिम दौर की बैठक भी हो चुकी है, जिससे संकेत मिलते हैं कि प्रक्रिया जल्द ही जमीन पर दिखाई देगी।

गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में कुल 768 एल्डरमैन की नियुक्ति की जा चुकी है। इनमें 123 नगर परिषदों में चार-चार और 46 नगर पालिकाओं में छह-छह एल्डरमैन नियुक्त किए गए हैं। हालांकि, अभी नगर निगमों में एल्डरमैन नियुक्ति लंबित है, जिसे राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि नगर निगमों में होने वाली नियुक्तियां आगामी चनावी समीकरणों को सीधे प्रभावित कर सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, एल्डरमैन की नियुक्ति केवल संगठन विस्तार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह स्थानीय स्तर पर प्रभावी नेतृत्व तैयार करने की रणनीति का हिस्सा भी है। मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में एल्डरमैन की नियुक्ति आमतौर पर प्रशासनिक अनुभव और नगर पालिका अधिनियम की समझ के आधार पर की जाती है। हालांकि ये मनोनीत सदस्य परिषद की बैठकों में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं, लेकिन इन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त नहीं होता।

नियुक्तियों को लेकर दिशा-निर्देश इस बीच, संगठन ने नियुक्तियों को लेकर सख्त दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। संभाग प्रभारियों, जिला प्रभारियों और जिला अध्यक्षों को स्पष्ट रूप से कहा गया है कि किसी भी स्थिति में विवादित चेहरों को नियुक्ति सूची में शामिल न किया जाए। पार्टी का मानना है कि विवादित नियुक्तियां उसकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दरअसल, हाल के दिनों में जिला कार्यकारिणी की कुछ नियुक्तियों को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी, जिसके बाद पार्टी को कुछ फैसले वापस भी लेने पड़े थे। इसी अनुभव को देखते हुए इस बार चयन प्रक्रिया में विशेष सावधानी बरती जा रही है।

# हर परिवार से 100 रुपए एकत्रित करेगी कांग्रेस

## जिला और ब्लॉक स्तर पर खर्च होंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● पिछले 22 साल से प्रदेश की सत्ता से बाहर कांग्रेस की माली हालत ठीक नहीं है। आर्थिक तंगी से निपटने के लिए मप्र कांग्रेस ने तय किया है कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्येक परिवार से 100 रुपए एकत्रित करेगी। जो भी राशि इकट्ठी होगी, वह जिला और ब्लॉक स्तर पर पार्टी के कार्यक्रमों में खर्च होगी। इसे प्रदेश या अखिल भारतीय कमेटी में उपयोग नहीं किया जाएगा। राजधानी के रवींद्र भवन सभागार में शुक्रवार को आयोजित नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के पहले राज्य स्तरीय सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि प्रत्येक परिवार से 100 रुपए एकत्रित करने अभियान की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जल्द ही अभियान चलाकर पार्टी कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जाकर राशि एकत्रित करेंगे, ताकि संसाधनों के लिए हमें दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े। डोर-टू-डोर जाने से पार्टी का लोगों से कनेक्ट भी बढ़ेगा। अभियान के जरिए पार्टी ने हर विधानसभा क्षेत्र में 30 हजार परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। चौधरी ने कहा कि जिलाध्यक्षों की तरह पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष के कामकाज की समीक्षा भी कर रही है। छह महीने बार परफॉर्मेंस रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि ब्लॉक अध्यक्ष पद पर रहेंगे या नहीं। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों में सभी स्थानीय नेताओं और पदाधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य की गई है। जो भी नेता कार्यक्रमों में नहीं आ रहे हैं, ब्लॉक अध्यक्ष इसकी जानकारी कनेक्ट सेंटर पर डाल दें। उन नेताओं के बारे में निर्णय पार्टी करेगी।

### 25 मई के बाद होंगे ब्लॉक में अधिवेशन

सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पिछले 22 वर्षों से सत्ता से बाहर है, ऐसे में कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बूथ एवं ब्लॉक स्तर पर कम से कम 30 हजार परिवारों को जोडक़र संगठन को मजबूत करना होगा। आज मप्र कर्ज, क्राइम और करप्शन के कैंसर से जूझ रहा है और इसे बचाने के लिए हमें अपनी आहुति देना होगी। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल से लेकर 25 मई तक विधानसभा प्रभारी अपने विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और कार्यकारिणी का सत्यापन करेंगे। 25 मई के बाद पार्टी के हर ब्लॉक पर एक अधिवेशन होगा, जिसे जन संवाद कार्यक्रम का नाम दिया गया है। इसमें पार्टी के सभी बड़े नेता, प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी एक-एक ब्लॉक में जाएंगे।

### सभी ब्लॉकों में जन संवाद सम्मेलन होंगे

सम्मेलन में प्रदेश संगठन महासचिव संजय कामले ने कहा कि जल्द ही सभी ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय जन संवाद सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। कामले ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति किसी भी नेता की अनुशंसा से हुई हो, उन्हें अब जिला अध्यक्ष के अधीन रहकर काम करना होगा। अब ब्लॉक में होने वाले कार्यक्रमों में की पूरी रूपरेखा ब्लॉक अध्यक्ष तय करेंगे।

**महिला आरक्षण पर बोले राहुल गांधी**

# 'मेरी और प्रधानमंत्री की तो पत्नी ही नहीं...'



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान एक बहुत ही दिलचस्प और हल्का-फुल्का पल देखने को मिला। विपक्ष के नेता राहुल गांधी जब अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो सदन में हंसी की लहर दौड़ गई। राहुल गांधी ने महिलाओं के महत्व पर बात करते हुए कहा कि माँ, बहन और पत्नी के रूप में महिलाएं हमारे जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी तो पत्नी ही नहीं है। राहुल की यह बात सुनते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के तमाम सांसद जोर-जोर से ठहाके लगाने लगे और खुद राहुल भी अपनी मुस्कुराहट नहीं रोक पाए।

**हाथ की चोट और प्रियंका का जिक्र**-सदन की कार्यवाही के दौरान स्पीकर ओम बिरला ने जब राहुल के हाथ पर पट्टी देखी तो उन्होंने चोट के बारे में पूछा। राहुल ने बताया कि उन्हें हाथ में चोट लगी है और फिर बिल पर बोलने का मौका देने के लिए स्पीकर का धन्यवाद किया। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए राहुल ने अपनी बहन प्रियंका गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रियंका ने कल अपनी स्पीच के मात्र पांच मिनट में वह जादू कर दिखाया जो वह खुद पिछले 20 साल में नहीं कर पाए। राहुल की इस बात पर गृह मंत्री अमित शाह के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई और सदन का माहौल पूरी तरह खुशनुमा हो गया।

**दादी इंदिरा गांधी से मिली सीख**-राहुल गांधी ने अपनी चर्चा के दौरान अपनी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी याद किया। उन्होंने बताया कि उनकी दादी ने ही उन्हें सच बोलने और डर से लड़ने का पाठ पढ़ाया था। बचपन की एक कहानी सुनाते हुए राहुल ने सत्ता पक्ष पर तंज भी कसा और कहा कि यह सरकार समस्याओं का सामना करने से डरती है।

# भाजयुमो की कमान, दावेदारों में खींचतान

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के इंदौर अध्यक्ष पद के लिए खींचतान चल रही है। दावेदार पैसे से लेकर पहुंच तक का जोर आजमा रहे हैं। ऐसा शायद पहली बार ही हुआ है कि पद के लिए महंगे गिफ्ट से लेकर कई तरह के खर्चे उठाने की बात सामने आई है। ऐसे में आम कार्यकर्ता के मन में यह भी सवाल है कि इस बार क्या पार्टी उन्हें तवज्जो देगी या फिर बड़े नेताओं की मनमानी ही चलेगी?




भाजयुमो अध्यक्ष चुनाव में पैसा और पहुंच फैक्टर के अलावा इस बात की भी चर्चा हो रही है कि आखिर किस विधानसभा क्षेत्र का नंबर आने वाला है। पिछली दो बार से राऊ विधानसभा का ही नंबर आ रहा है। पहले मनस्वी पाटीदार और फिर सौगात मिश्रा। इस हिसाब से इस बार राऊ का नंबर आना मुश्किल है, लेकिन सवाल यह भी है कि इस घमासान में आखिर कौन विधायक अपने समर्थक को यह पद दिलाने में सफल हो पाता है? वर्तमान में जिन नामों की चर्चा चल रही है, उनमें विधानसभा एक में अमित पालीवाल और सागर तिवारी के नाम शामिल हैं। दो नंबर विधानसभा से रोहित चौधरी, निक्की राय और अक्षत चौधरी का नाम है। तीन नंबर विधानसभा से आवेश राठौर का नाम है, जबकि चार नंबर से मयूरेश पिंगले, नयन दुबे और शुभेंद्र गौड़ के नामों की चर्चा है।

**कई नामों पर चल रहा विवाद**-वर्तमान में जिन नामों की चर्चा है, उनमें से कई को लेकर विवाद है। अमित पालीवाल पर धोखाधड़ी का केस दर्ज है। अक्षत चौधरी पहले ही विवादों में हैं, जिसकी शिकायत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल तक पहुंच चुकी है। चौधरी पार्टी के नए धन्ना सेठ माने जाते हैं और आए दिन आयोजनों पर खूब पैसे लुटा रहे हैं। इन दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के खास माने जाने वाले जीतू जिराती के खेमे में जमा हो गए चौधरी ने प्रदेश कार्यकारिणी के लिए भी कोशिश की थी, लेकिन शिकायतों के बाद इससे बाहर रहे।

### नाम भेजने में होगा जमकर खेला

भाजपा के सूत्र बताते हैं कि जो ट्रेंड अभी चल रहा है, उसके हिसाब से इस बार स्थानीय स्तर पर नाम भेजने में भी जमकर खेला होगा। सारे दावेदार होर्डिंग से लेकर आयोजनों तक में जमकर पैसा लगा रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ बड़े पदाधिकारियों के यात्रा और होटल के खर्चे उठाने की बात भी सामने आ रही है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर नाम भेजने में कौन-सा फैक्टर काम करेगा, कहा नहीं जा सकता।

**भगवान के सामने भी वीआईपी...**

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने दर्शन के लिए मांगी सुविधा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री प्रह्लाद पटेल ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) से अपने 140 पारिवारिक सदस्यों के लिए विशेष वीआईपी दर्शन की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। मंत्री पटेल ने इस संबंध में टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी को एक पत्र लिखा है, जिसमें 6, 7 और 8 मई को दर्शन की सुविधा मांगी गई है। 16 अप्रैल को लिखे गए इस पत्र में मंत्री ने बताया कि



उनके परिवार के 140 सदस्य पांच अलग-अलग समूहों में भगवान श्री वेंकटेश्वर स्वामी (तिरुपति बालाजी) के दर्शन करने आएंगे। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से इन समूहों के लिए सुविधानुसार टीटीडी दर्शन की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया है। पत्र में सभी समूहों के निर्धारित समय पर पहुंचने की जानकारी भी दी गई है। प्रह्लाद पटेल ने अपने अनुरोध को स्वीकार करने के लिए पहले ही मंदिर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। प्रह्लाद पटेल वर्तमान में मध्य प्रदेश सरकार में पंचायत और ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री का पदभार संभाल रहे हैं। उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज की थी और 25 दिसंबर 2023 से राज्य सरकार में मंत्री हैं। वह पूर्व में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। प्रह्लाद पटेल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1982 में बीजेपी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष के रूप में की थी। 1986 से 1990 तक उन्होंने युवा मोर्चा के सचिव और फिर बीजेपी महासचिव के तौर पर काम किया।

**इतिहास बना कॉरिडोर** | **बीआरटीएस के अंतिम बस स्टॉप को तोड़ने का पूरा हुआ**

# 300 करोड़ रुपए का बीआरटीएस, कबाड़े से मिले डेढ़ करोड़

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा 300 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने से नगर निगम को 1.55 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। इस बीआरटीएस कॉरिडोर के अंतिम बस स्टॉप को तोड़ने का काम पूरा हुआ।

राज्य सरकार द्वारा पिछले साल फरवरी में बीआरटीएस कॉरिडोर को तोड़ने का फैसला लिया गया था। इसके बाद इस कॉरिडोर को तोड़ने का काम करने में नगर निगम के पसीने छूट गए। इस काम को लेने वाले ठेकेदार ने काम लिया और फिर भाग गया। फिर निगम द्वारा एक साथ इस काम को करने के लिए ठेकेदार को इन पेनेलमेंट करने का फैसला लिया गया। इस फैसले के तहत चार ठेकेदारों से बीआरटीएस के 17 बस स्टॉप तोड़ने के लिए अनुबंध किया गया। इन ठेकेदारों द्वारा बस स्टॉप को तोड़ने से निकलने वाले मलबे और लोहा-लंगर को अपनी संपत्ति के रूप में लिया गया और बदले में इसका पैसा निगम को दिया गया। इन 17 बस स्टॉप को तोड़ने से निगम को 1.10 करोड़ रुपए की



कमाई हुई। इस कॉरिडोर का अंतिम बस स्टॉप, जो सी21 मॉल के सामने है, उसे तोड़ने का काम चल रहा है, जो आज रात में पूरा हो जाने की उम्मीद है। नगर निगम द्वारा जहां भी बस स्टॉप तोड़े गए हैं, वहां पर डामर से पैचवर्क भी कर दिया गया है। इस कॉरिडोर में 7.7 किलोमीटर लंबी रैलिंग थी, जिसे तोड़ने का काम किया जाना था। इसे तोड़ने का काम भी अब अंतिम चरण में चल रहा है। इस कार्य से निगम को 45 लाख रुपए की कमाई हुई है। इस काम को करने के लिए निगम द्वारा चार ठेकेदारों का इन पेनेलमेंट किया गया था। ठेकेदारों द्वारा मार्ग विभाजक के रूप में काम करने वाली रैलिंग तोड़ने का काम पूरा कर लिया गया है। अब इस मार्ग पर छोटी खजरानी से लेकर नौलखा चौराहे के आगे तक लोक निर्माण विभाग द्वारा एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य के क्षेत्र को छोड़कर शेष स्थान पर नगर निगम द्वारा रोड डिवाइडर बनाने का काम ठेका देकर शुरू करवाया गया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि 3.1 किलोमीटर क्षेत्र में हमें रोड डिवाइडर बनवाना हैं। इसमें से 1 किलोमीटर क्षेत्र में डिवाइडर बनकर तैयार हो गए हैं।

न्यूज ब्रीफ

## द एक्सीलेंट पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● द एक्सीलेंट पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कुल बालौदा का इस वर्ष का कक्षा 10वी व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम बहुत उत्साहजनक रहा । विघालय के प्राचार्या रीना चौहान ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कक्षा 10वी में प्रथम स्थान वंदना जाधव 93% द्वितीय स्थान महावीर तंवर 91% व 12वी में प्रथम स्थान नीलम जाधव 85% द्वितीय स्थान कुसुम राठौर 82% अंक प्राप्त कर तथा कक्षा 12वीं में 18 बच्चों ने 75% अंक प्राप्त कर लेपटॉप पात्रता की श्रेणी में आकर विद्यालय को गौरान्वित किया हैं।

## इंदौर से 3 हजार शिक्षक-शिक्षिकाएं पहुंचे भोपाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट का विरोध बढ़ता जा रहा है। पहले जिला व संभाग स्तर पर कई प्रदर्शन हुए अब शनिवार को भोपाल में बड़ा प्रदर्शन शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। प्रदेश के लगभग दो दर्जन शिक्षक कर्मचारी संगठन संयुक्त मोर्चा बनाकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं और शनिवार को वह सबसे बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं जहां की भोपाल में 1 लाख शिक्षक शिक्षिकाएं जंबूरी मैदान पर जुटेंगे। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक यह आंदोलन सतत जारी रहेगा और इंदौर से भी इस आंदोलन में लगभग 3000 शिक्षक शिक्षिकाएं जा रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने बाकायदा विधिवत अनुमति लेकर छुट्टी ले रखी है। कई शिक्षक शिक्षिकाएं शुक्रवार रात को ही निजी वाहनों से अथवा अपने संसाधनों से निकल गए हैं। शनिवार को भी इंटरसिटी ट्रेन से शिक्षक पहुंच रहे है। इस संदर्भ में शिक्षक नेताओं का कहना है कि 2011 से पूर्व के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य कर दी है ऐसे शिक्षक शिक्षिकाएं जिन्हें की शिक्षण कार्य करते हुए अध्यापन करते हुए 15 से 20 वर्ष हो गए हैं अब उनकी योग्यता पर सरकार प्रश्न चिन्ह लगा रही है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुधार एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य संजय बंदोपाध्याय (सेवानिवृत्त आईएएस) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर कलेक्टर रोशन राय, अपर आयुक्त नगर निगम आकाश सिंह, प्रखर सिंह, अभय राजनगांवकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में संजय बंदोपाध्याय ने कहा कि सड़क एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए इंफोर्समेंट और जन-जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों की मदद लेकर सड़क सुधार कार्यों में तेजी लाई जाए तथा बड़े शहरों के सफल नवाचारों को साझा किया जाए।

## इंदौर के नवाचारों की मुख्यमंत्री ने की सराहना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत इंदौर जिले में किए गए नवाचारों और कार्यों की सराहना की है। उन्होंने इंदौर के प्रयासों को अन्य जिलों के लिए अनुकरणीय बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा से चर्चा कर अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के विशेष अभियान की विस्तृत जानकारी ली।

# 4 मई के बाद मिलेगी मेट्रो को हरी झंडी

## एक माह पहले मिल चुकी है सीएमआरएस से मंजूरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर शहर के बहुप्रतीक्षित मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर एक बार फिर इंतजार बढ़ गया है। रेडिसन चौराहे से गांधीनगर तक तैयार हो चुकी मेट्रो लाइन को फिलहाल चुनावी कारणों से हरी झंडी नहीं मिल पा रही है। केंद्र और राज्य सरकार चुनावी व्यस्तताओं के चलते मेट्रो संचालन की तारीख तय नहीं कर पा रही हैं। अब उम्मीद जताई जा रही है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को आने के बाद ही मेट्रो सेवा शुरू हो सकेगी।

शहरवासियों को लंबे समय से मेट्रो के पूर्ण संचालन का इंतजार है। पहले केवल 5 किलोमीटर के सीमित रूट पर मेट्रो चलाई गई थी, जिससे आम नागरिकों को विशेष लाभ नहीं मिल पाया, लेकिन अब



रेडिसन से गांधीनगर तक 17.5 किलोमीटर का बड़ा कॉरिडोर तैयार है, जिससे नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है।

**चुनाव परिणाम के बाद तय होगी तारीख**- मामले में सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर मेट्रो का संचालन पांच राज्यों के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही होगा। उन्होंने कहा कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा इसके शुभारंभ की योजना बनाई जाएगी। लालवानी के अनुसार मेट्रो का निर्माण कार्य पूरी तरह समाप्त हो चुका है और ट्रेनों के संचालन में किसी प्रकार की तकनीकी बाधा नहीं है। इसके बावजूद प्रशासनिक कारणों से कुछ समय का इंतजार करना जरूरी हो गया है। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 4 मई को मतगणना होगी, जिसके बाद किसी भी समय मेट्रो के उद्घाटन की तारीख तय की जा सकती है।

*मेट्रो संचालन में हो रही देरी को लेकर शहर के लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। आईटी कंपनी में कार्यरत रवि तोमर का कहना है कि मेट्रो का सेफ्टी निरीक्षण पूरा हुए एक माह से अधिक समय बीत चुका है। 11 मार्च 2026 को सीएमआरएस द्वारा लगभग 11.9 किमी ट्रैक पर ट्रेन संचालन की अनुमति दी जा चुकी है। उनका कहना है कि जब परियोजना पूरी तरह तैयार है, तो इसे जनता के लिए शुरू नहीं करना उचित नहीं है। लोगों का सवाल है कि अन्य राज्यों के चुनावों का इंदौर की जनता से क्या संबंध है?*

### सरकार की किसानों के साथ दोहरी नीति

# छोटे किसानों के स्लॉट बुक, बड़े किसान स्लॉट बुकिंग के लिए भटक रहे

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

मध्यप्रदेश सरकार किसान हितों को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है। लेकिन मध्यप्रदेश में पहली बार किसानों के गेहूं खरीदी को लेकर बड़े किसान स्लॉट बुकिंग के लिए दर-दर भटक रहे हैं। सरकार ने 31 मार्च तक बैंक का पैसा तो जमा कर लिया लेकिन तारीख आगे नहीं बढ़ाई गई जब गेहूं खरीदी का समय आया तो केवल छोटे किसानों के गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग खोले गए, सिर्फ 5 बीघा जमीन मालिक ही गेहूं तोल सकेंगे बड़े किसानो में भारी नाराजगी है। किसानों का कहना सरकार किसानों के साथ दोहरी नीति अपना रही है। एक तरफ तो बैंकों का पैसा हमसे जमा करवा लिया वहीं दूसरी तरफ हमारे गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग नहीं हो रहे बैंक भरने के लिए मार्केट से पैसा उठाया वहां



भी किसानों को ब्याज का भुगतान करना पड़ रहा इधर शादी ब्याह का सीजन चल रहा है लेकिन फसलों की बिक्री अब तक नहीं हुई सरकार किसान के हितों की बात करती है लेकिन इनके दावे खोखले साबित हो रहे हैं। किसान नेता चंदनसिंह बढ़वाया ने बताया कि बोनस में भी किसानों के साथ सरकार ठगी कर रही है राजस्थान में सरकार 140 से 150 बोनस दे रही है वहीं मध्यप्रदेश सरकार मात्र 40रु बोनस किसानों को देने का फैसला किया है। देश के कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान किसानों की आय दुगनी करने की बात करते हैं किसान अब दबी जुबान से कह रहे हैं के मध्यप्रदेश में किसानों का गेहूं समय पर नहीं बिक रहा दुगनी आय तो अब हम देख लेगे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृपाराम सोलंकी ने कहा कि भाजपा केवल उद्योगपतियों की सरकार है, किसानों की हमेशा भाजपा ने कमर तोड़ने का काम किया है किसान आज स्लॉट बुकिंग के लिए दर दर की ठोकरे खा रहा।

सरकार के लिए छोटे और बड़े किसान एक समान है लेकिन फिर भी छोटे किसानों की फसल खरीदना और बड़े किसानों को तारीख पर तारीख देना यह कौन सा न्याय है सरकार ने फ्री की रेवड़ी दे दे कर प्रदेश को खोखला कर दिया है हर महीने सरकार करोड़ों रुपए का कर्ज ले रही है उसके बावजूद भी किसानों की फसल समय पर नहीं बिक रही ना समय पर भुगतान हो रहा अब देखना होगा सरकार बड़े किसानों के गेहूं खरीदी कब करवाती हैं और स्लॉट बुकिंग की साइड कब खोलती है।

## परीक्षा में फेल होने से 12वीं की छात्रा ने जहर खाकर दे दी जान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में 12वीं की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि छात्रा 12वीं की परीक्षा में कई विषयों में फैल हो गई थी, जिसके बाद से ही वह काफी तनाव में थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी के चलते उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।



दरअसल, यह पूरा मामला इंदौर के गांधी नगर थाना क्षेत्र का है, जहां 12वीं क्लास में पढ़ने वाली एक छात्रा खुशी मौर्य ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले ही 12वीं का रिजल्ट घोषित हुआ था, जिसमें छात्रा तीन विषयों में फेल हो गई थी।

## कोरी समाज का अक्षय तृतीया पर्व पर सामूहिक विवाह सम्मेलन 20 को होगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कोरी समाज सामूहिक विवाह समिति नंदा नगर द्वारा अक्षय तृतीया को नि:शुल्क विवाह। सम्भलन 20 अप्रैल स्थित शुक्ला सदन पर कोरी समाज समूहों के बुंदेलखं मऊरानीपुर पुरा धीमान, शाक्वार, आदर्श पूर्वी कोरी बैसवारा तंतुवाय आर्दश वस्त्रकार बैसवारा प्रतापगढ आदर्श वस्त्रकारआदि समाजो के समूहों का विवाह सम्मेलन होंगे । समाज समिति के अध्यक्ष जे.पी टिकरिया महासचिव बंसीलाल वर्मा ने बताया कि समिति द्वारा 50 वां स्वर्ण जयंती पर नि:शुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन सर्व कोरी भवन स्थित शुक्ला सदन परिसर में 20 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे प्रारंभ होगा।



## बिजली कंपनी के एमडी सिंह ने डेली कॉलेज ग्रिड का निरीक्षण किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने शुक्रवार रात इंदौर शहर के डेली कॉलेज समेत अन्य बिजली जोन, ग्रिडों का भ्रमण कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक संजय मालवीय, अतिरिक्त मुख्य अभियंता अचल जैन, शहर अधीक्षण अभियंता डीके गाठे, आशीष तिवारी, अजीज बूटवाला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## विशुद्ध बगिया में खिले 4 नए पुष्प: टीकमगढ़ में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● टीकमगढ़ 17 अप्रैल को एक ऐतिहासिक और पुण्यशाली अवसर की साक्षी बनी। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि श्रंमण संस्कृति के महामहिम*पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी महाराज संसघ के पावन सान्निध्य एवं दीक्षा प्रदाता के रूप में आज यहां चार ब्रह्मचारी मुमुक्षुओं ने सांसारिक बंधनों का त्याग कर जैनेश्वरी दीक्षा अंगीकार की। दीक्षा महोत्सव में देशभर से हजारों गुरुभक्त, धर्मप्रेमी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंडित श्रेयांश कुमार जैन बडोद, पंडित संतोष कुमार विनोद कुमार जी रजवास पंडित जय निशांत, अतिशय जैन इंदौर।

## मप्र से उभर रही देसी रक्षा तकनीक, ड्रोन खतरे का स्मार्ट सॉल्यूशन तैयार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश से एक अहम पहल सामने आई है, जहां एक इंडियन स्टार्टअप देश की सिक्योरिटी को और मजबूत बनाने के लिए स्वदेशी टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। बढ़ते ड्रोन खतरे ने सिक्योरिटी सिस्टम के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए गोल्डन पर्ल डिफेंस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड एक एडवांस सिस्टम तैयार कर रही है। यह कंपनी ड्रोन की पहचान करने, उन्हें रोकने और सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने की टेक्नोलॉजी डेवलप कर रही है। यह कंपनी भारत सरकार के उद्योग संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त है और रक्षा इनोवेशन प्लेटफार्म में भी रजिस्टर्ड है। आज भारत कई जरूरी रक्षा उपकरणों के लिए विदेशी सिस्टम्स पर निर्भर है, जैसे रडार, सर्विलांस सिस्टम और एंटी ड्रोन-टेक्नोलॉजी। इस निर्भरता के कारण इमरजेंसी में दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसे में गोल्डन पर्ल डिफेंस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी पहल देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है। हाल के वर्षों में बॉर्डर एरिया में ड्रोन के बढ़ते इस्तेमाल ने खतरे को और गंभीर बना दिया है, जिससे देसी सॉल्यूशन की जरूरत साफ दिखाई देती है। गोल्डन पर्ल डिफेंस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड जिन टेक्नोलॉजी पर काम कर रही है, उनमें ऐसे सिस्टम शामिल हैं जो रेडियो सिग्नल, साउंड और विजुअल इनपुट के जरिए दूर से ही ड्रोन को डिटेक्ट कर सकते हैं। इसके अलावा फास्ट रिस्पॉन्स इंटरसेप्टर ड्रोन भी तैयार किए जा रहे हैं, जो दुश्मन ड्रोन को ट्रैक कर उन्हें न्यूट्रलाइज कर सकें।

## द यूवा वे : नवनीत ने पेश की नई नारुटो कलेक्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर नवनीत के स्टेशनरी ब्रँड यूवा ने नारुटो थीम पर आधारित अपनी नई कलेक्शन पेश की है। यह एक विशेष प्रीमियम श्रेणी है, जिसमें लॉन्ग बुक्स, नोटबुक्स, स्पाइरल लॉन्ग बुक्स और ड्रॉइंग बुक्स शामिल हैं। यह शृंखला 'विल ऑफ फायर' की भावना को कक्षा तक लेकर आती है और यूवा के उच्च गुणवत्ता वाले पेपर उत्पादों को नारुटो की लोकप्रिय दुनिया के साथ जोड़ती है। यह कलेक्शन हर छात्र और उपयोगकर्ता को शिनोबी जैसी दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास है। चाहे आप अपने विचारों को स्केच कर रहे हों या विस्तार से नोट्स बना रहे हों, यह सीरीज़ आपको अपने 'निंजा वे' को अपनाने के लिए उपयुक्त साधन प्रदान करती है।

### डेली कालेज मामला | 155 वर्ष पुरानी विरासत के साथ खिलवाड़ अस्वीकार्य

# बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ने कहा- बिना तथ्यों को समझे संस्था को निशाना बना रहे

## तथ्यों को तोड़मरोड़ कर पेश करने वालों के खिलाफ सख्त रुख- पवार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देश की 155 वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था डेली कॉलेज की छवि को सुनियोजित तरीके से नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह केवल मतभेद का विषय नहीं है, बल्कि संस्थान की साख को कमजोर करने की एक संगठित कोशिश है। यह बात डेली कॉलेज सोसायटी द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष विक्रम सिंह पवार ने हाल के घटनाक्रमों पर विस्तार से अपनी बात रखते हुए कहीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिना तथ्यों को समझे, आधी-अधूरी और भ्रामक जानकारी के आधार पर संस्था को निशाना बनाया जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि आने वाले समय में संस्था की विश्वसनीयता, अनुशासन और स्थिरता के लिए भी हानिकारक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने कहा कि डेली कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के बारे में सार्वजनिक मंचों पर इस प्रकार का दुष्प्रचार करना केवल एक प्रशासनिक विवाद नहीं, बल्कि एक गौरवशाली शैक्षणिक विरासत पर प्रहार है।

विद्यालय परिसर में अनुशासनहीनता. संवाद के नाम पर दबाव की कोशिश: पवार ने 16 अप्रैल को हुई घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि विद्यालय प्रशासन ने संवाद के उद्देश्य से केवल 5 ओल्ड डेलियन्स को आमंत्रित किया था, परंतु इसके विपरीत लगभग 25 से 30 लोगों का समूह विद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित हो गया। यह घटना उस समय हुई जब विद्यालय में नियमित कक्षाएं चल रही थीं और साथ ही कक्षा 10 के बोर्ड परिणामों में ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव मनाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को भी जब उन्हें अध्यक्ष और बोर्ड सदस्यों के साथ चर्चा के लिए बुलाया गया, तब भी वे नहीं आए। इससे यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है कि उनका उद्देश्य समाधान नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ लेना, किसी भी तरह सत्ता प्राप्त करना और संस्था के भीतर असंतोष और भ्रम फैलाना है।

**संविधान संशोधन के तथ्य स्पष्ट, भ्रम**



**निराधार** : संविधान संशोधन को लेकर सबसे ज्यादा विवाद की स्थिति है, नई व्यवस्था के मुताबिक अब दो अलग-अलग चुनावों की व्यवस्था के स्थान पर एक समेकित प्रक्रिया होने से अनावश्यक विवाद, खर्च और राजनीतिक तनाव में कमी आएगी। अभी तक डेली कॉलेज सोसायटी के चुनाव के समय ओल्ड डेलियंस के दो सदस्यों के चुनाव भी होते थे, लेकिन अब ओल्ड डेलियंस के चुनाव जीतने वाले अध्यक्ष और सचिव बोर्ड में शामिल होकर सीधे तौर पर ओल्ड डेलियन्स के हितों का प्रतिनिधित्व करें। उन्होंने दोहराया कि किसी भी ओल्ड डेलियन के मतदान अधिकार समाप्त नहीं किए जा रहे हैं। प्रत्येक सदस्य पहले की तरह मतदान करेगा और प्रत्येक पात्र सदस्य चुनाव लड़ सकता है।

**वाइस ऑफ ड़ीसी, अभिव्यक्ति नहीं, अमर्यादा, अश्लीलता और सुनियोजित दुष्प्रचार :** वाइस ऑफ डीसी नामक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विषय में पवार ने अत्यंत गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह केवल आलोचना का मंच नहीं, बल्कि संगठित चरित्र हनन और संस्थागत क्षति पहुंचाने का माध्यम बन चुका था। उन्होंने कहा कि यह आलोचना नहीं है, यह अश्लीलता, चरित्र हनन और संस्थान को बदनाम करने की सुनियोजित साजिश है।

**एफआईआर वापस नहीं होगी पवार ने स्पष्ट किया कि दर्ज की गई एफआईआर :** किसी व्यक्तिगत प्रतिशोध के तहत नहीं, बल्कि संस्था की गरिमा, उसकी वैधानिक स्थिति और उसके भविष्य की रक्षा के लिए आवश्यक कदम है। उन्होंने कहा कि यह एफआईआर सीधे तौर पर स्कूल द्वारा नहीं, बल्कि पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दर्ज की गई, जिसमें यह पाया गया कि संबंधित प्लेटफॉर्म पर भ्रामक प्रस्तुति, प्रतिरूपण और मानहानिकारक सामग्री का व्यवस्थित उपयोग किया गया।

### मौके दिए गए, लेकिन उद्देश्य समाधान नहीं

पवार ने कहा कि यदि वास्तव में उद्देश्य समाधान होता, तो कई अवसर दिए गए थे। संदीप पारेख को कंस्ट्रक्शन और परचेज कमेटी का नेतृत्व करने का अवसर दिया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया। उन्हें खुले मंच पर अपने आरोपों के साथ आने का निमंत्रण दिया गया, परंतु वे सामने नहीं आए। हाल ही में भी उन्हें और अन्य लोगों को बोर्ड के साथ चर्चा के लिए बुलाया गया, परंतु उन्होंने उसमें भी भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट करता है कि उद्देश्य समाधान नहीं, बल्कि आलोचना, भ्रम और असंतोष के माध्यम से राजनीतिक लाभ प्राप्त करना है। डेली कॉलेज के चुनाव संभवत: जून में हो सकते है

# सम्पादकीय

## मतदाता सूची से बाहर लाखों नाम, सुप्रीम कोर्ट से राहत, संशय अब भी बरकरार

समस्या यह है कि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं और अब तक भारी संख्या में वैसे लोग मतदाता सूची से बाहर हैं, जिन्हें 'विचाराधीन' की श्रेणी में रखा गया है या जो किसी मामूली गड़बड़ी की वजह से नियमों की कसौटी पर पात्र नहीं माने गए। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर की प्रक्रिया की वजह से जिस तरह की जटिलता खड़ी हुई है, उसमें लाखों मतदाताओं के मताधिकार से वंचित रह जाने की आशंका है। इस मसले पर राज्य के आम लोगों के बीच आक्रोश भी देखा गया। मगर यह सवाल अब भी कायम है कि अगर किन्हीं वजहों से बाद में पात्र साबित हुए मतदाता वोट देने से वंचित रह गए, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। समस्या यह है कि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोट डाले जाने हैं और अब तक भारी संख्या में वैसे लोग मतदाता सूची से बाहर हैं, जिन्हें 'विचाराधीन' की श्रेणी में रखा गया है या जो किसी मामूली गड़बड़ी की वजह से नियमों की कसौटी पर पात्र नहीं माने गए। यह बेवजह नहीं है कि राज्य में इस मसले पर तीखे मतविरोध उभरे हैं और मांग की जा रही है कि चुनाव आयोग ऐसी कोई व्यवस्था करे, ताकि किसी पात्र मतदाता को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं होना पड़े। इसी के मद्देजनर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुच्छेद 142 का हवाला देते हुए एक अहम आदेश दिया कि पश्चिम बंगाल में 23 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए अपीलीय प्राधिकरण जिन लोगों की अपील पर 21 अप्रैल तक फैसला दे देंगे, वे अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, प्राधिकरण की ओर से जिन लोगों की अपील पर 27 अप्रैल तक फैसला कर दिया जाएगा, वे 29 अप्रैल को दूसरे चरण में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। यानी सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के लाखों वैसे लोगों को राहत मिली है, जिन्हें किन्हीं वजहों से एसआइआर की प्रक्रिया के दौरान वोट देने के अधिकार से वंचित मान लिया गया था। उसके बाद मतदाता सूची से हटाए गए बहुत सारे लोगों ने अपीलीय प्राधिकरणों में अपील दायर की हुई है कि उन्हें पात्र मतदाता माना जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ जिन मतदाताओं की अपील प्राधिकरणों की ओर से स्वीकार कर ली गई है, उनके नाम को शामिल करते हुए पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए। अब यह उम्मीद की जा सकती है कि राज्य में एसआइआर की प्रक्रिया के बाद जिन करीब सत्ताईस लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे, उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर मिल सकेगा।

# मौसम विभाग की आंख मिचौली, कभी लू तो कभी बरसात



वर्तमान में, देश भर में मौसम में बड़ा बदलाव है, कुछ हिस्सों में गरज और गरज के साथ तूफान और कुछ हिस्सों में गर्मी की लहर और आर्द्र मौसम की चेतावनी दी गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 21 अप्रैल तक का मौसम पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, महाराष्ट्र सहित 13 राज्यों में लू चलने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और उत्तरी आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 19 अप्रैल तक लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पश्चिम मध्य प्रदेश, ओडिशा में 17 से 19 अप्रैल, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और रायलसीमा में 17 और 18 अप्रैल को लू की स्थिति की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी हवाओं के साथ एक पश्चिमी प्रणाली सक्रिय है। 16 अप्रैल की रात से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया लेकिन कमजोर पश्चिमी सिस्टम आने की संभावना है। इसके कारण, उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। मध्य, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में गर्म हवा के साथ आर्द्र मौसम की संभावना है। 16 से 19 अप्रैल तक पूर्वोत्तर भारत के असम और मेघालय में हल्की बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। गरज के साथ बारिश की संभावना है। 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। नागपुर जिला प्रशासन ने विदर्भ में लू की स्थिति और पारा 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास मंडरा रहे मद्देनजर सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए हाई अलर्ट जारी किया है।अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अविनाश गवांडे ने कहा कि कोल्ड बाथ रखा गया है और पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं।पुणे में आज और कल तापमान बढ़ेगा और 17 अप्रैल को पुणे में लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि दोपहर में काम न होने पर बाहर न निकलें। पुणे में तापमान 42 डिग्री तक जाने की संभावना है। 18 और 19 अप्रैल को पुणेकरों को मिलेगी गर्मी से राहत शहर में कुछ बारिश होने की संभावना है। सड़कें सुनसान हैं। बताया जाता है कि पश्चिम एशिया में अभी भी युद्ध के बादल घने होने के साथ, इस साल का मानसून और भी शुष्क होने की उम्मीद है, दो गहराते बादलों के संयुक्त प्रभाव के साथ: तेल की अनिश्चितता, आयात-निर्यात में देरी और युद्ध के कारण मुद्रास्फीति, बिना किसी वर्षा के। पीने के पानी का भी संकट है। कम से कम जल संकट के लिए तैयारी करना संभव है, इस तथ्य को देखते हुए कि युद्ध के बारे में कुछ भी नहीं किया जा सकता है। बेहतर होगा कि अगर हम अभी करने की कोशिश नहीं करेंगे तो इससे समस्याएं ही पैदा होंगी। इस संभावित संकट पर ध्यान देना जरूरी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने हाल ही में इस साल देश में सामान्य से 92 प्रतिशत बारिश होने का दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी किया है। इसलिए तैयार रहना जरूरी है। ला नीना और अल नीनो दो कारक हैं जिनका हमारी वर्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सीधे शब्दों में कहें तो 'ला नीना' बारिश के लिए अच्छा है और 'अल नीनो' मारक है। अल नीनो की स्थिति के दौरान, अधिकांश समय वर्षा सामान्य से कम होती है। अब तक, ला नीना में नरमी आ गई है और स्थिति तटस्थ है, लेकिन आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि जून के बाद अल नीनो का प्रभाव बढ़ेगा, जो मानसून के लिए अनुकूल नहीं है। इसके संभावना बढ़ जाते हैं। इतना ही नहीं, इस साल की स्थिति और भी चिंताजनक है, क्योंकि मौसम विभाग द्वारा 92 प्रतिशत बारिश का पूर्वानुमान पिछले तीन दशकों में सबसे कम है। इस संबंध में और अधिक तैयारी करना आवश्यक है। पिछले तीन दशकों में बढ़ता शहरीकरण, इसकी बढ़ती आबादी और राज्य के किसी भी शहर में पीने के पानी की कमी से विकट स्थिति पैदा हो सकती है। पुणे, मुंबई और ठाणे जैसे शहरों में नवविकसित क्षेत्रों में बड़ी इमारतों को अभी भी पानी के लिए टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि पानी के वितरण में ढिलाई बरती जा रही है, लेकिन उन क्षेत्रों के लिए भी जहां पानी कम होने पर पाइप से पानी बहता है। इस तरह के संकट में मुनाफाखोरी कैसे हो सकती है और यह कैसे आम आदमी को बर्बाद कर सकती है, यह नए सिरे से बताने की जरूरत नहीं है।

महाराष्ट्र के कई बांध सिंचाई के लिए पानी भी उपलब्ध कराते हैं, लेकिन चूंकि पानी की कमी के समय पीने के पानी को प्राथमिकता दी जाती है, इसलिए कम वर्षा के पूर्वानुमान का कृषि पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उत्पादन में व्यवधान केवल समस्याओं को बढ़ाएगा। वर्तमान में महाराष्ट्र के बांधों में जल भंडारण पिछले साल की तुलना में अधिक है। इसकी योजना अभी तत्काल प्राथमिकता है। आईएमडी मई के अंत तक संशोधित मानसून पूर्वानुमान जारी करेगा। वर्तमान पूर्वानुमान में सबसे आश्वस्त करने वाली चीजों में से एक यह है कि मानसून के बाद की अवधि में हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) की स्थिति सकारात्मक होने की संभावना है। द्वहष्ठ हिंद महासागर की पूर्वी और पश्चिमी महासागर सतहों पर तापमान में अंतर है। जब पश्चिम में समुद्र की सतह का तापमान औसत से ऊपर होता है, तो आईओडी सकारात्मक होता है, जो अच्छी वर्षा के लिए उपयोगी होता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि बाद के वर्षों में यह प्रभाव कितना देखा जाएगा, और यदि यह वास्तव में सकारात्मक होने जा रहा है, तो मानसून के पहले चरण में क्या किया जाना चाहिए?

इसका उचित कारण यह है कि हमारे शासकों में इस संभावित संकट से निपटने की इच्छाशक्ति नहीं है, शायद पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव, नारी शक्ति वंदन आदि जैसे अधिक महत्वपूर्ण व्यवधानों के कारण, लेकिन यह जलवायु संकट हमारे शासकों की प्राथमिकता में नहीं होना चाहिए। स्थिति का उदाहरण याद रखें। दरअसल, बारिश के मौसम की तरह ही सर्दियों के आगमन को भी नेमेची कहा जाता है। हालांकि, नियमित बारिश के कारण, मुंबई में नियमित रूप से गड्ढे होते हैं और सामान्य ठेकेदारों को भीख मांगने का मौका मिलता है। साथ ही दिल्ली में सर्दियों में हवा प्रदूषित होती है और कई लोगों के पास छाती के पिंजरे होते हैं। लेकिन हमारे शासक प्रदूषण को रोकने के लिए निवारक उपाय नहीं करना चाहते हैं, कम से कम इसे कम करने के लिए।

इसका कारण यह है कि यदि पर्यावरण संरक्षण के उपाय किए जाते हैं, तो भी इसके परिणामों का अनुभव करने के लिए संबंधित लोगों को कुछ समय देना पड़ता है। पर्यावरण संरक्षण के उपाय वृक्षारोपण के समान हैं। पेड़ लगाने वालों के लिए उस पेड़ के फलों का स्वाद लेना संभव नहीं है। लेकिन जिस तरह हमें पेड़ लगाना बंद नहीं करना है, उसी तरह हमें पर्यावरण की रक्षा के उपाय करने से नहीं बचना चाहिए। इस संदर्भ में, यह सीखने लायक है कि चीन के बीजिंग, जिसे कभी दुनिया में सबसे प्रदूषित माना जाता था, ने पर्यावरण को कैसे शुद्ध किया। लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि हम इस तरह सीखेंगे।

ज्ञात हूँ कि नवीनतम मौसम पूर्वानुमान इस तरह के सूखे की संभावना का संकेत देते हैं, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि हमारी प्रणाली वास्तव में इस तरह के सूखे के परिणामों को कम करने के लिए उपाय करेगी, कम से कम हमारा इतिहास बताता है कि कृषि, उद्योग/कृषि और नागरिकों के बीच पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए अभी से प्रयास किए जाने चाहिए। यह आवश्यक है। दूसरा मुद्दा उर्वरक का है। अगर यह संकट कृषि पर आने वाला है तो कम से कम उपलब्ध पानी में खेती के लिए खाद की आपूर्ति का समाधान तो होगा। आगामी कृषि सीजन में उर्वरक आपूर्ति के लिए प्रयास अभी से शुरू होने चाहिए, खासकर जब पश्चिम एशिया में युद्ध ने उर्वरक उत्पादन और आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।शायद इसलिए कि संबंधित लोगों को अकाल की गंभीरता का एहसास तब तक नहीं होता जब तक कि अकाल नहीं पड़ता है, और एक बार अकाल पड़ता है, तो पूरी व्यवस्था खुशी से भर जाती है। विशेष निधि, उसका उपयोग करने का सौभाग्य, और यह दिखाने का अवसर कि हम 'बलिराजा' के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं, प्राकृतिक आपदा से नहीं आते हैं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# आंचलिक

## 'लव जिहाद, बंद करों-बंद करो' के लगे नारे:विहिप और बजरंग दल ने धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने की रखी मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ●विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने कथित अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद के बढ़ते मामलों के विरोध में धार के त्रिमूर्ति चौराहे पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और हाथों में तख्तियां-बैनर लेकर विरोध जताया। माहौल पूरी तरह से विरोध और आक्रोश से भरा रहा। धरना-प्रदर्शन के बाद संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम धार तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कई प्रमुख मांगें रखी गईं। बजरंग दल के संयोजक लखन सिंह ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन में मांग की गई कि राष्ट्रविरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, सार्वजनिक



एवं शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जों को तत्काल हटाने की भी मांग की गई। संगठन ने लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त केंद्रीय कानून लागू करने की मांग भी की। प्रशासन से असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की अपील की गई, ताकि देश में शांति और सद्भाव बना रहे।

## कोटेश्वर तीर्थ में सत्तू अमावस्या पर उमड़े श्रद्धालु, 5 हजार भक्तों ने किया नर्मदा स्नान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● वैशाख माह की सत्तू अमावस्या पर शुक्रवार को कुक्षी के कोटेश्वर तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। सुबह से ही भक्तों ने मां नर्मदा के पवित्र जल में डुबकी लगाई और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य के अनुष्ठान किए। कोटेश्वर के प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी कपिल गोस्वामी ने बताया कि इस दिन पितरों की आत्मशांति के लिए सत्तू (भुने चने का आटा) दान करने का विशेष महत्व है। सुबह 11 बजे तक ही करीब 3 हजार श्रद्धालु स्नान और तर्पण की प्रक्रिया पूरी कर चुके थे। बढ़ते तापमान के बावजूद सुबह 10 बजे तक तट पर भारी भीड़ रही। दोपहर की तपिश के बाद शाम 3 बजे से झाबुआ, अलीराजपुर और कुक्षी क्षेत्र के श्रद्धालुओं का आगमन वापस शुरू हुआ। शाम 6 बजे तक करीब 5 हजार लोगों ने नर्मदा में स्नान किया। प्रत्येक अमावस्या पर कुक्षी सहित अलीराजपुर और झाबुआ जिले के आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में कोटेश्वर पहुंचते हैं। श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान कर अपनी मन्नतें मांगते हैं और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हैं।

## मंडी में 1.5 करोड़ के आधुनिक प्लांट का शुभारंभ, ग्रेडिंग-क्लीनिंग से उपज की गुणवत्ता सुधरेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● विधायक अर्चना चिटनिस ने रेणुका माता रोड स्थित कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत लगभग 1.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक ग्रेडिंग-क्लीनिंग प्लांट के स्थापना कार्य का शुभारंभ किया। यह पहल क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को आधुनिक, व्यवस्थित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक चिटनिस ने बताया कि यह आधुनिक ग्रेडिंग-क्लीनिंग प्लांट किसानों की उपज की गुणवत्ता सुधारने, उन्हें बेहतर बाजार मूल्य दिलाने और कृषि व्यापार को अधिक पारदर्शी तथा संगठित बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से युक्त इस प्लांट के माध्यम से फसलों की सफाई, ग्रेडिंग व रंग के आधार पर छंटाई तेज, सटीक और वैज्ञानिक तरीके से हो सकेगी। उन्होंने आगे बताया कि प्लांट में फोटो सेंसर और हाई स्पीड कैमरों जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे खराब, क्षतिग्रस्त या कम गुणवत्ता वाले दानों को अलग किया जा सकेगा। इससे गेहूं, चना, दलहन, मूंग, मूंगफली आदि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होगा और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक उनकी पहुंच आसान बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक ने किसानों और व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने चना खरीदी केंद्र का भी अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त, किसानों, व्यापारियों और आगंतुकों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए तत्काल 20 लाख रुपए की लागत के आरओ प्लांट की स्वीकृति भी दी। विधायक ने घोषणा की कि नई और पुरानी कपास मंडी प्रांगण को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

## जिले में 7 नए गेहूं खरीदी केंद्र स्वीकृत, सीएम ने दी मंजूरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए सात नए केंद्रों को मंजूरी मिल गई है। यह फैसला किसानों के धरना प्रदर्शन और विधायक डॉ. हीरालाल अलावा द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के बाद लिया गया। नए केंद्रों में सिंघाना, बाकानेर, पीपली, जीराबाद सहित निसरपुर, बाग और धरमपुरी शामिल हैं। इन स्थानों पर अब किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जाएगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, भोपाल और धार



कलेक्टर ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मनावर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है और संबंधित समितियों को निर्देश दे दिए गए हैं। कर्मचारियों के साथ बैठक के बाद सोमवार से खरीदी शुरू करने की तैयारी है। किसानों के अनुसार सिंघाना में पहले खरीदी केंद्र संचालित होता था, जिसे इस बार बंद कर दिया गया था। इससे आसपास के 15 से 20 गांवों के किसानों को परेशानी हो रही थी।

इस बार किसानों को मनावर के देवला केंद्र तक जाना पड़ रहा था, जो 20 से 25 किलोमीटर दूर है। इससे उन्हें प्रति क्विंटल 150 से 200 रुपये अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा था। नए खरीदी केंद्र खुलने से अब किसानों को पास में ही अपनी उपज बेचने की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

## 50 मेगावाट का दूसरा प्लांट भी शुरू:सूर्य की ऊर्जा से बढ़ा बिजली उत्पादन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● जिले के छिरवेल गांव में 50 मेगावाट क्षमता की दूसरी सोलर विद्युत परियोजना शुरू हो गई है। यहां निजी कंपनी द्वारा 100 मेगावाट क्षमता की परियोजना प्रस्तावित थी। इसमें से 50 मेगावाट की परियोजना से बिजली बनाई जा रही थी। अब दूसरे चरण में परियोजना से बिजली उत्पादन शुरू हो चुका है। ओंकारेश्वर बांध परियोजना में 278 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के अलावा पीएम सूर्यघर योजना और कुसुम योजना में भी विभिन्न स्थानों पर सोलर प्लांट बनाए जा रहे हैं। इससे लगातार जिले में सूर्य की उर्जा से बिजली उत्पादन बढ़ रहा है।

## खरगोन में डीएपी खाद की बोरियों में वजन कम निकला, किसानों ने की शिकायत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले में खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था से किसान परेशान हैं। इसी बीच, उमरखली क्षेत्र में डाय अमोनियम फास्फेट (डीएपी) खाद की बोरियों में 100 से 400 ग्राम तक कम खाद मिलने की शिकायतें सामने आई हैं। शुक्रवार को जब किसान खाद लेने पहुंचे और उन्होंने समिति के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे पर बोरियों का वजन किया, तो उनमें 100 ग्राम से लेकर 400 ग्राम तक खाद कम पाया गया। किसानों ने तत्काल इसकी शिकायत सोसाइटी प्रबंधक पूर्वा चौहान से की। सोसाइटी प्रबंधक पूर्वा चौहान ने कंपनी स्तर पर ही कम पैकिंग की आशंका जताई है। उन्होंने इस पूरे मामले से जिला प्रशासन, जिला सहकारी बैंक और कृषि विभाग को अवगत कराया है। कोठा बुजुर्ग के किसान विशाल कुमरावत ने बताया कि कई किसान बिना तौल किए ही खाद ले जा रहे हैं। उन्होंने कुछ बोरियों का तौल किया तो उनमें 100 ग्राम से 400-500 ग्राम तक खाद कम निकला। राजेश कुशवाह और अजय कुशवाह ने भी सोसाइटी के इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे पर कम वजन पाया। किसानों ने बताया कि 50 किलो की डीएपी खाद की बोरी का निश्चित भाव 1350 रुपए है। सोसाइटी मैनेजर पूर्वा चौहान ने पुष्टि की कि उमरखली केंद्र से कुमारखेड़ा और कोठा बुजुर्ग समितियों को खाद भेजा जाता है। उन्होंने स्वीकार किया कि 400 ग्राम तक कम खाद निकलने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि खाद के वाहन सोसाइटी में भेजे गए थे और इस संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को सूचित कर दिया गया है।

## नेपानगर में 80 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● नेपानगर विधायक मंजू दादू ने गुरुवार को लगभग 80 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और सामाजिक-सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर विधायक मंजू दादू ने कहा कि नेपानगर विधानसभा में सड़क, पुलिया, पंचायत भवन और सामुदायिक संरचनाओं के लिए लगातार प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं। उन्होंने संकल्प दोहराया कि क्षेत्र का कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा और हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। ग्रामीणों ने इन सौगातों के लिए विधायक मंजू दादू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन आसान होगा और सामाजिक-सामुदायिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

# आईपीएल में आज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी आरसीबी

**बंगलुरु (एजेंसी)** ● आईपीएल में शनिवार की दोपहर दिल्ली कैपिटल्स की टीम रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु के खिलाफ उसके घर में खेलने उतरेगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में दिल्ली ने इस सीजन शानदार शुरुआत की थी, जब उसने पहले दो मैच जीत लिए थे, लेकिन तीसरे मैच में गुजरात के खिलाफ वह एक रन से हार गई। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने भी उसे मात दी। अब वह दमदार खेल दिखा रही बंगलुरु के खिलाफ उसके घर में उतरेगी। ऐसे में उसकी वापसी की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि इस सीजन अपना खिताब बचाने की उम्मीद में उतरी बेंगलुरु धआंधार खेल दिखा रही है। ऐसे में वह दिल्ली के खिलाफ भी यहां होने वाले मैच में भी अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। आरसीबी की टीम में अभी तक सारा ध्यान विराट पर केंद्रित रहा है और इस दिग्गज बल्लेबाज ने भी अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया है। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाए हैं और ऑरेंज कैप





उनके पास है, लेकिन कोहली भी यह स्वीकार करेंगे कि आरसीबी की बल्लेबाजी अब पूरी तरह से उन पर निर्भर नहीं है। कप्तान रजत पाटीदार, देवदत्त पडिक्कल, फिल साल्ट और टिम डेविड ने इस सत्र में तूफानी बल्लेबाजी से विशेष छाप छोड़ी है और वे दिल्ली के खिलाफ इसे जारी रखना चाहेंगे। दिल्ली के पास केएल राहुल, पथुम निसांका, ट्रिस्टन स्टब्स, मिलर और नीतीश राणा जैसे कुछ अनुभवी बल्लेबाज हैं, लेकिन उनमें से कोई भी अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। दिल्ली अभी चार अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है। युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने ही कुछ हद तक जुझारूपन दिखाया है। उन्होंने दो अर्द्धशतक बनाए हैं। दिल्ली की गेंदबाजी में भी निरंतरता का अभाव स्पष्ट नजर आ रहा है। आरसीबी के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को रोकना दिल्ली के गेंदबाजों के लिए कड़ी चुनौती होगी।

## आईपीएल में आज होगा सीएसके और सनराइजर्स में मुकाबला

**हैदराबाद (एजेंसी)** ● सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार को यहां आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर जीत के इरादे से उतरेगी। अपने शुरुआती चार मैचों में से तीन में हारने के बाद सनराइजर्स ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार वापसी की है। पिछले मैच में उसने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इन दोनो ही गेंदबाजी ने रॉयल्य के खिलाफ चार-चार विकेट लेकर





अपने को साबित किया था। इन दोनों युवा गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। टीम की बल्लेबाजी कप्तान ईशान किशन के अलावा अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन पर आधारित है। वहीं दूसरी और रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतर रही सीएसके का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और वह अंक तालिक में काफी नीच है। रुतुराज सहित टीम के बल्लेबाज फार्म में नहीं हैं।

## मेसी पर इवेंट प्रमोटर ने 70 लाख डॉलर का मुकदमा दायर किया

**मियामी (एजेंसी)** ●अर्जेंटीन के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी कानूनी शिकंजे में फंस गये हैं। एक इवेंट प्रमोटर ने अनुबंध को तोड़ने के लिएए मेसी पर मुकदमा दायर किया है।



एक रिपोर्ट के अनुसार मियामी स्थित एक इवेंट प्रमोटर ने उन पर पिछले साल एक प्रदर्शनी मैच में अपनी उपस्थिति दर्ज न कराकर 70 लाख डॉलर (लगभग 58 करोड़ रुपये) के अनुबंध की शर्तो का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। इससे मैसी विवादों में फंस गये हैं। विड म्यूजिक ग्रुप नामक इस प्रमोटर ने पिछले महीने मियामी-डेड सर्किट कोर्ट में मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी और अनुबंध के उल्लंघन का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। इस मामले में मेसी या एएफए की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या टिप्पणी सामने नहीं आई है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

# मैं सिर्फ एब्स बनाने के चक्कर में नहीं हूं: सुमोना चक्रवर्ती



**मुंबई (एजेंसी)** ● इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री सुमोना चक्रवर्ती ने जिम की कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसमें वह कड़ी मेहनत से एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। इन पोस्ट्स में सुमोना ने अपने मन के भावों को बेहद ईमानदारी और मजाकिया अंदाज में व्यक्त किया, जो उनके प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहा है। अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में बात करते हुए सुमोना ने लिखा, लगातार कोशिश करते रहना, अनुशासन बनाए रखना और बस आगे बढ़ते रहना... यह भी एक बड़ी जीत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य केवल एब्स बनाना नहीं है, बल्कि खुद को आंतरिक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने लिखा, मैं सिर्फ एब्स बनाने के चक्कर में नहीं हूं। असल में मैं खुद को मजबूत बनाना चाहती हूं। यह दिखाता है कि उनका ध्यान केवल बाहरी दिखावे पर नहीं, बल्कि समग्र शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर है। अभिनेत्री ने उम्र बढ़ने के साथ शरीर में आने वाले बदलावों पर भी खुलकर बात की। उन्होंने लिखा, पहले जैसा लचीलापन अब नहीं रहा है। छोटी-छोटी गलतियों से घुटना या कंधा चोटिल हो जाता है और ठीक होने में भी ज्यादा समय लगता है। यह एक ऐसी सच्चाई है जिसका सामना कई लोग करते हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करते हुए कहा, फिर भी मैं हार नहीं मानूंगी। मैं अभी भी यहां हूं, चल रही हूं और आगे बढ़ रही हूं। अब मैं सिर्फ अपने शरीर का खास ध्यान रख रही हूं ताकि आने वाले दिनों में मुझे कोई परेशानी न हो। यह उनके मजबूत इरादों और आत्म-देखभाल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। सुमोना ने भविष्य के लिए अपनी शारीरिक क्षमताओं से जुड़ी इच्छाएं भी जाहिर कीं।

## सुकेश के खिलाफ सरकारी गवाह बनेंगी जैकलीन



**मुंबई (एजेंसी)** ● एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने 200 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की इच्छा जताई है। पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक्ट्रेस ने जानकारी दी कि वह इस मामले में जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। कोर्ट ने एक्ट्रेस की बात सुनने के बाद उन्हें निर्देश दिया है कि इसके लिए उन्हें सबसे पहले ईडी के पास एक औपचारिक अर्जी दाखिल करनी होगी। यह मामला ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है। सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रोमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ की ठगी की थी। ईडी की जांच में सामने आया था कि सुकेश ने ठगी के इन पैसों से जैकलीन को करोड़ों के कीमती गिफ्ट्स दिए थे।

# उज्जैन संभाग

## घरों और गाड़ियों में तोड़फोड, लाठी-डंडों और हथियारों से लैस बदमाशों ने मचाया उत्पात

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●उज्जैन के ढांचा भवन क्षेत्र में देर रात 10-12 अज्ञात बदमाशों ने घरों पर हमला कर पत्थरबाजी की और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। घटना रात करीब एक बजे की है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुक्रवार को करीब 5 बजे पुलिस ने तीन आरोपियों को मारते हुए जुलूस निकाला। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, बदमाश ढांचा भवन के पास स्थित बाफना पार्क कॉलोनी पहुंचे और अचानक घरों के बाहर जमा होकर गाली-गलौज करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर लाठी-डंडे, चाकू और तलवार जैसे हथियारों से लैस थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। बदमाशों ने पत्थरबाजी कर कई घरों की खिड़कियां तोड़ दीं। बाहर खड़ी



गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। हमले में डॉ. प्रदीप अग्रवाल की कार के शीशे तोड़ दिए गए। एक सेवानिवृत्त शिक्षिका के घर पर भी पत्थर फेंके गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई परिवार बाहर गए हुए थे, जिससे घरों में केवल महिलाएं और बुजुर्ग ही मौजूद थे।

घटना की जानकारी 112 के जरिए पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने किशन अहिरवार(20), पिता मगनलाल, विकास सरोनिया (25), पिता रमेश सरोनिया, विशाल(20), पिता रमेश चंद्र को गिरफ्तार किया है।

## रविदास शोध संस्थान ने किया समाजसेवियों का सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● संत रविदास शोध संस्थान की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने समाजसेवा और सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे और समाजहित में निरंतर काम करने का संदेश दिया। संस्थान के भगवान खांडेगर के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी दीपचंद जाटव, रवींद्र यादव और रघु यादव रहे। अध्यक्षता समाजसेवी सेवाराम खांडेगर ने की। समारोह में गौतम खिरवे, मनोहरलाल बडोदिया, गुलाब यादव,प्रवीण आमलिया, तूफान उमेरे, कांचा जाटव, कैलाश बिल्लौरे, गुलाब भंडारी, रवि गणगौरे, शंकर विनेखा और बालकिशन धेर्या को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भी भेंट की गई। कार्यक्रम में अनोखीलाल भारती, मदनलाल करिया, अनोखी लाल खांडेगर, अनिल जाटव, मोतीलाल विनेखा, धर्मेंद्र विनेखा, देवीलाल लोहारिया मौजूद रहे।संचालन कैलाश सूर्यवंशी ने किया।

## पुजारी विवाद को लेकर पत्थरबाजी, 8 घायल पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में भिड़े दो पक्ष

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ●जिले के ग्राम गढ़ी में शुक्रवार को श्रीराम मंदिर के पुजारी चयन को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस पत्थरबाजी में आठ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीराम मंदिर में भवानी शंकर शर्मा का परिवार तीन पीढ़ियों से पूजा करता आ रहा है। गांव का एक पक्ष पुराने पुजारी के समर्थन में है, जबकि दूसरा गुट कालू दास बैरागी को नया पुजारी नियुक्त करने की मांग कर रहा है। यह विवाद लंबे समय से जारी है और न्यायालय तक भी पहुंच चुका है। प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस बल की सुरक्षा में जब पुराने पुजारी मंदिर में पूजा करने पहुंचे, तभी दूसरे पक्ष ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते विरोध पथराव में बदल गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है।



पत्थरबाजी में सिद्धू सिंह, नारायण, अंदरबाई, मानसिंह, विक्रमसिंह, बालूसिंह और नारायण सिंह सहित कुल आठ लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को निजी वाहनों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना के बाद से ग्राम गढ़ी में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। बड़ौद थाना प्रभारी रूप सिंह बैस ने बताया कि घायलों के बयानों के आधार पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर रही है। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

## अवैध शराब तस्करी, 50 लाख का सामान जब्त, नानाखेड़ा पुलिस ने चार आरोपी पकड़े

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● नानाखेड़ा पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जब्त की है। पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में 44 पेटी अवैध शराब, दो लग्जरी कारें और फर्जी नंबर प्लेट के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से इंदौर से उज्जैन और गुजरात तक फैले एक शराब तस्करी नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस को यह सफलता अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चेकिंग के दौरान मिली। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नानाखेड़ा पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर यह कार्रवाई की। पहली कार्रवाई इंजीनियरिंग कॉलेज क्षेत्र में की गई। यहां पुलिस ने एक ङ्गङ्क700 कार को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 23 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (बैगपाइपर ब्रांड) और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुईं। दूसरी कार्रवाई इंदौर रोड पर शनि मंदिर ब्रिज के नीचे की गई। इस स्थान पर एक स्कॉर्पियो ह वाहन से 21 पेटी अवैध शराब (बैगपाइपर ब्रांड) जब्त की गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी इंदौर से शराब लाकर उज्जैन और गुजरात में ऊंचे दामों पर बेचते थे। पुलिस से बचने के लिए वे फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन (पिता गोपाल राव, 25 वर्ष), यस चित्तौड़ा (पिता विनोद चित्तौड़ा, 21 वर्ष), साहिल और मनीष माली (पिता संतोष माली, 23 वर्ष) तथा चंद्रशेखर उर्फ मेडिकल (पिता नंद किशोर, 24 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी उज्जैन के निवासी हैं। कुल मिलाकर, पुलिस ने 44 पेटी अवैध शराब (लगभग 379.72 बल्क लीटर), दो लग्जरी वाहन और फर्जी नंबर प्लेट सहित लगभग 50.26 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है।

## अवैध कब्जे, महिला अपराधों पर सख्त कार्रवाई की मांग, आगर मालवा में बजरंग दल ने विभिन्न मुद्दों को लेकर किया प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ● आगर मालवा में शुक्रवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया। विभिन्न मांगों को लेकर उन्होंने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन की शुरुआत बड़ौद रोड चौराहे पर हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद वे नायब तहसीलदार के पास पहुंचे और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में देश में बढ़ रही कुछ गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की गई। बजरंग दल ने आरोप लगाया कि ये गतिविधियां सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा को प्रभावित कर रही हैं।

कार्यकर्ताओं ने अवैध कब्जों, महिलाओं से जुड़े अपराधों और अन्य मामलों में तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि इन मामलों में प्रभावी कदम उठाकर



कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए। बजरंग दल ने जोर दिया कि समाज में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाना आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम भी एक मांग रखी गई। इसमें संबंधित मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया।

न्यूज ब्रीफ

## बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा द्वारा इंदौर जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी किया गया है, जिसमें जिले की राजस्व सीमा में बाल विवाह पर पूर्णत: रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होकर 12 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों/संगठनों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 तथा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के दण्डात्मक प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी। जारी आदेशानुसार बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के अनुसार निर्धारित आयु से कम उम्र में विवाह करना दण्डनीय अपराध है। अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह पूर्णत: प्रतिबंधित है।

## आबकारी इंदौर की अवैध मदिरा परिवहन पर प्रभावी कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में गत गुरूवार को आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन वृत्त मालवामिल की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई कंट्रोल रूम प्रभारी देवेश चतुर्वेदी और डिप्टी कंट्रोलर मनोज कुमार अग्रवाल तथा सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में की गई। इस कार्यवाही में सोमनाथ की जूनी चाल (खाली मैदान) पर एक बिना नंबर की सफेद रंग की दो पहिया वाहन डेस्टिनी 125 स्कूटी पर परिवहन कर ले जाई जा रही 50 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद की गई।

# हर कॉलेज में काउंसलर होना जरूरी

### विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की नई उम्मीद उमंग हेल्पलाइन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बदलते शैक्षणिक परिदृश्य और बढ़ते प्रतिस्पर्धात्मक दबाव के बीच विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य आज एक गंभीर विषय बनता जा रहा है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल उमंग हेल्पलाइन शुरु की है। यह छात्रों को भावनात्मक और मानसिक सहयोग देने के लिए शुरु की गई हैं।

**मानसिक संतुलन और समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम:** उच्च शिक्षा विभाग की विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उषा नायर ने कहा, विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए बहुत जरुरी है। काउंसलर नियुक्ति के साथ स्टॉफ प्रशिक्षण, अभिभावक सहभागिता और मेंटर प्रणाली को लागू कर हम एक सुरक्षित और सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित कर रहे हैं। यह पहल विद्यार्थियों के मानसिक संतुलन और समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**100 या अधिक विद्यार्थी है तो एक काउंसलर रखना जरुरी:** विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में जारी इन निर्देशों के अंतर्गत अब सभी शैक्षणिक संस्थानों में काउंसलर की नियुक्ति के साथ कई अन्य व्यवस्थाएं भी अनिवार्य कर दी गई हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, जिन संस्थानों में 100 या उससे अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, वहां कम से कम एक प्रशिक्षित काउंसलर की नियुक्ति करना अनिवार्य है। कम छात्र संख्या वाले संस्थानों को बाहरी विशेषज्ञों से जुड़कर काउंसलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करना रहेगी। काउंसलर के रूप में मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर, प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्य विशेषज्ञ या संबंधित क्षेत्र के अनुभवी व्यक्ति नियुक्त किए जा सकेंगे।

**25 से 40 छात्र पर एक मैंटर-** विद्यार्थियों की व्यक्तिगत निगरानी और मार्गदर्शन के लिए 25 से 40 छात्रों पर एक मैंटर नियुक्त किया जाएगा। यह मेंटर विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार और मानसिक स्थिति पर नजर रखेगा व आवश्यकता पडने पर परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध करवाएगा। साथ ही अभिभावकों से संपर्क बनाए रखते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहयोग करेगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी संस्थानों को निर्देशित किया है कि इन व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करते हुए निर्धारित प्रारूप में जानकारी विभाग को शीघ्र प्रेषित करें।

### केवल काउंसलर नियुक्ति ही पर्याप्त नहीं

केवल काउंसलर नियुक्ति ही पर्याप्त नहीं रहेगी, बल्कि पूरे संस्थान को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील बनाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से सभी शिक्षण व गैर-शिक्षण कर्मचारियों, प्रशासनिक स्टॉफ और सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन प्रशिक्षणों में मानसिक स्वास्थ्य, प्राथमिक सहायता, विद्यार्थी के व्यवहार में आए परिवर्तनों की पहचान व जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने जैसे विषय शामिल होंगे। संस्थानों को निर्देश दिए गए है कि वे अभिभावकों के लिए नियमित जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे वे बच्चों के व्यवहार में आने वाले परिवर्तनों को समझ सके और समय रहते उचित सहयोग प्रदान कर सकें।

# स्मार्ट सिटी एरिया में खत्म किया जाए वैल्यू कैप्चर फंड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम ने साल 2016 में स्मार्ट सिटी योजना के तहत चिह्नित अर्बन डेवलपमेंट एरिया में वैल्यू कैप्चर फंड लागू किया था। इसके बाद स्मार्ट सिटी एरिया में मकान बनाना और रहना दोनों महंगा हो गया। वर्तमान में स्मार्ट सिटी योजना खत्म हो गई है, लेकिन टैक्स अभी लागू है, जिसके कारण वे लोग जिनके मकान स्मार्ट सिटी सड़क चौड़ीकरण में टूटे थे, वे 10 साल बाद भी अपने मकान का नक्शा पास नहीं करवा सकेंगे, क्योंकि वैल्यू कैप्चर फंड के नाम पर बिल्डिंग परमिशन एक लाख रुपए तक महंगी हो गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी एरिया में भवन अनुज्ञा बहुत महंगी है, जिसके कारण लोगों में अवैध निर्माण की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसलिए वैल्यू कैप्चर फंड खत्म होना चाहिए।

**महापौर की पहल, रहवासियों को मिलेगी राहत** - स्मार्ट सिटी एरिया राजवाड़ा, खजूरी बाजार, सीतलामाता बाजार, बर्तन बाजार सहित कुल 576 वर्गमीटर एरिया में वैल्यू कैप्चर फंड को खत्म करने की मांग लगातार उठ रही है, क्योंकि स्मार्ट सिटी योजना के तहत जो विकास कार्य होने थे, वे हो चुके हैं। केंद्र और राज्य सरकार से जो राशि प्राप्त होनी थी, वह भी मिल चुकी है, लेकिन यहां के रहवासियों का पीछा वैल्यू कैप्चर फंड नहीं छोड़ रहा है। समस्या को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने पहल की है। उन्होंने रहवासियों की मांग मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के समक्ष रखते हुए स्मार्ट सिटी एरिया के रहवासियों को वैल्यू कैप्चर फंड से राहत देने का आग्रह किया है।

जयपुर और सूरत में कम शुल्क- नलिया बाखल के निवासी राजेश शर्मा ने बताया कि इंदौर में नक्शा मंजूर करते समय अलग-अलग मदों में एक दर्जन से ज्यादा शुल्क वसूले जा रहे हैं, जबकि अन्य स्मार्ट शहरों में ऐसा नहीं है। स्थिति यह है कि जयपुर और सूरत में महज 20 हजार रुपए में 1000 वर्गफीट पर निर्माण का नक्शा पास हो जाता है, वहीं इंदौर में डेढ़ लाख रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं।




### वैल्यू कैप्चर फंड में शुल्क मद

1. वाटर कनेक्शन फीस – 1250
2. सॉलिड वेस्ट फीस – 807
3. परमिशन फीस 1250
4. कर्मकार फीस – 20650
5. ड्रेनेज कनेक्शन फीस – 1250
6. प्लांटेशन फीस – 200
7. रैनवाटर हार्वेस्टिंग फीस – 300
8. आवेदन शुल्क – 150
9. नर्मदा कैपिटल रिन्यूअल – 1614
10. डेवलपमेंट फीस – 4672
11. पटरी फीस – 1265
12. सर्विस फीस – 290
13. डिमोलिशन फीस – 5400
14. व्यवसाय – 600
15. टॉयलेट फीस – 1600

### होलकर कॉलेज में 'इंटर्नशिप घोटाले' का आरोप

# करणी सेना और छात्र संगठनों ने प्रदर्शन कर एमओयू पर उठाए सवाल; जांच की मांग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में करणी सेना और अन्य छात्र संगठनों ने शुक्रवार को होलकर कॉलेज परिसर में कथित इंटर्नशिप घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि एक निजी कंपनी के माध्यम से स्टूडेंट्स को जबरन इंटर्नशिप करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और इस प्रक्रिया में कॉलेज प्रशासन के कुछ अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है।

स्टूडेंट्स के मुताबिक, वर्ष 2025-26 के लिए इनफ्लेक्स सोर्सिंग कंपनी के साथ कॉलेज का एमओयू साइन किया गया। आरोप है कि इंटर्नशिप के नाम पर छात्रों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट और स्पोकन क्लासेस कराई गई, जबकि प्रमाणपत्र किसी अन्य कोर्स के जारी किए गए। छात्रों से प्लेसमेंट के नाम पर 3,000 रुपए तक शुल्क वसूले जाने का भी आरोप लगाया गया है।

छात्र नेताओं का आरोप कि इंटर्नशिप इनफ्लेक्स सोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कराई गई, जबकि प्रमाणपत्र वेस्प कंसलटेंसी लि. के नाम से जारी किए गए। इसे लेकर पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए हैं। आरोप है कि कॉलेज के कुछ प्रशासनिक अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा, स्टूडेंट्स को व्हाट्सएप मैसे भेजकर इंटर्नशिप में शामिल होने के लिए दबाव बनाया गया। अलग-अलग नामों के क्यूआर कोड भेजकर राशि जमा कराने की बात भी कही गई है।



### कंपनी के पते और अनुभव पर संदेह

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि कि जिस पते पर इंटर्नशिप एजेंसी का कार्यालय बताया गया, वहां कोई कार्यालय नहीं मिला। साथ ही कंपनी के पास इस प्रकार की गतिविधि संचालित करने का पर्याप्त अनुभव नहीं होने का भी आरोप लगाया गया। उन्होंने मांग की कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

### प्रदर्शनकारी स्टूडेंट्स ने की ये मांगे

कथित फर्जी इंटर्नशिप एजेंसी को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। छात्रों को स्वतंत्र रूप से इंटर्नशिप चुनने की अनुमति दी जाए। वसूली गई राशि वापस की जाए। छात्रों के दस्तावेजों का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न हो। छात्र संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि जांच नहीं हुई तो वे विश्वविद्यालय के कुलगुरु, उच्च शिक्षा विभाग और लोकायुक्त से शिकायत करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर भोपाल में बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।

# शराब की सभी दुकान बिकी, सरकार को मिलेंगे 2184 करोड़ रुपए मिलेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष कर रही मध्यप्रदेश सरकार को इंदौर आबकारी विभाग ने बड़ी राहत दी है। यहां की सभी 173 दुकानें आखिरकार बिक गई हैं। वहीं, विभाग ने मप्र शासन द्वारा तय राजस्व लक्ष्य को भी पार कर लिया है। दो हजार करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त करने वाला इंदौर मप्र का पहला जिला बना है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा विभाग को बोलकर नए सिरे से ग्रुपिंग कराई गई थी। सहायक आयुक्त अभिषेख तिवारी की मॉनीटरिंग में लगातार ऑफर बुलाए गए, इसके बाद यह दुकानें बिक गई।

साल 2025-26 में मप्र शासन को इंदौर जिले से आबकारी ठेके से 1752 करोड़ रुपए मिला था। इसमें 20 फीसदी अधिक का लक्ष्य तय कर 2102 करोड़ का टारगेट इंदौर को मिला था। इसके लिए नए सिरे से दुकान की ग्रुपिंग की गई और 77 ग्रुप में 173 दुकान को बांटा गया। इन सभी के टेंडर होने के बाद विभाग को कुल 2184 करोड़ 76 लाख रुपए का राजस्व तय हुआ है। यह तय लक्ष्य से भी करीब चार फीसदी अधिक है। वहीं बीते साल से तो यह 24.70 फीसदी अधिक राजस्व है।

### मप्र में 2500 करोड़ पीछे

उधर मप्र की बात करें तो इस बार सरकार ने 19 हजार 960 करोड़ का लक्ष्य रखा था। लेकिन विभाग को 17 हजार 350 करोड़ के करीब ही राजस्व मिला है। मार्च माह के अंत तक तो लक्ष्य से पांच हजार करोड़ पीछे था। बाद में बेस प्राइज से कम पर दुकान देने के बदलाव और बार-बार आफर बुलाने पर करीब ढाई हजार करोड़ और विभाग को मिल गए।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सख्त कार्रवाई

# निर्माण इकाई, वेयरहाउस व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 17 नमूने लिए, 635 किलो खाद्य पदार्थ जप्त

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों की सघन जाँच की जा रही है। इसी सिलसिले में आज इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रतिष्ठानों में कई प्रकार की अनियमितताएं एवं कमियां पाये जाने पर कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा हुकुमचंद कॉलोनी स्थित फर्म हीना इंडस्ट्रीज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रोपराइटर श्री दिनेश जायसवाल परिसर में खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाए गए। परिसर में मैंगो, पेप्सी, पंजाबी लस्सी एवं ऑरेंज बेवरेज का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया। जांच में यह भी पाया गया कि निर्माण में बोरिंग के पानी का उपयोग किया जा रहा था तथा निर्माण में प्रयुक्त पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अतिरिक्त परिसर में निर्मित खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं पाई गई तथा लाइसेंस शर्तों के अनुसार अन्य कमियां भी पाई गईं। निरीक्षण के दौरान तीन फ्लेवर में पेप्सी का निर्माण एवं पैकिंग किया जाना पाया गया, जिनमें लेबलिंग प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया। मौके से मैंगो पेप्सी, पंजाबी लस्सी, ऑरेंज बेवरेज, शक्कर एवं सप्रेटा दही के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए तथा लगभग 635 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जप्त किया गया। साथ ही ऑरेंज बेवरेज, जिसमें लेबलिंग से संबंधित गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

# प्रदेश की परिवहन चौकियों पर अवैध वसूली के आरोप!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में परिवहन विभाग के चेकिग प्वॉइंट्स पर वाहनों से कथित अवैध वसूली और दुर्व्यवहार के मामलों को लेकर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एआईएमटीसी की आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सीएल मुकाती द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के कई चेकिग प्वॉइंट्स पर वाहन चालकों को नियमों का डर दिखाकर अवैध वसूली की जा रही है, साथ ही कुछ मामलों में दबाव और गुंडागिर्दी जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे सरकार की छवि प्रभावित हो रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि किसी वाहन के दस्तावेज अधूरे हों तो नियमानुसार कार्रवाई होना चाहिए, लेकिन यात्रियों से भरी बसों को बीच रास्ते रोककर चालक, परिचालक और यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करना पूरी तरह अनुचित है। संस्था ने इन समस्याओं के पीछे चेकिग व्यवस्था में प्रभावी निगरानी की कमी और अधिकारियों-कर्मचारियों की लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापना को प्रमुख कारण बताया है। संस्था ने सरकार से मांग की है कि इस मामले में जल्द संज्ञान लेकर परिवहन व्यवस्था को पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त बनाया जाए, ताकि वाहन चालकों और यात्रियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

**यह दिए गए सुझाव :** ● एआईएमटीसी ने व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए कई सुझाव भी दिए हैं ● राज्य स्तर पर स्वतंत्र निगरानी समिति का गठन ● जिला प्रशासन और पुलिस की जवाबदेही तय करना ● चेकिग प्रक्रिया की सीसीटीवी और बॉडी कैमरा से रिकॉर्डिंग ● अधिकारियों का नियमित रोटेशन ● मोबाइल चेकिग व्यवस्था को बढ़ावा



# महाकाल लोक बनाने वाली बाबरिया कंपनी 67 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी में उलझी, जमानत खारिज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश जल निगम में तीर्थ गोपीकॉन कंपनी द्वारा फर्जी 184 करोड़ की बैंक गारंटी का केस और बड़ा हो गया है। जल निगम में ही करोड़ों के ठेके लेने के मामले में अब सीबीआई भोपाल ने सूरत (गुजरात) की कंपनी एमपी बाबरिया व अहमदाबाद की मेसर्स अंकिता कंस्ट्रक्शन के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस 67 करोड़ 74 लाख की फर्जी बैंक गारंटी देने के मामले में हुआ है। सीबीआई ने इन कंपनियों पर गंभीर धाराएं लगाई हैं।

इस मामले में सूरत, गुजरात के रहने वाले आरोपी मनोज पिता पुरुषोत्तम बाबरिया की अग्रिम जमानत याचिका इंदौर जिला कोर्ट ने खारिज कर दी है। बाबरिया ने इसमें खुद को निर्दोष बताया है। बाबरिया के अनुसार, सब कांट्रेक्टर निकुंज पोकिया ने राहुल गुप्ता के जरिए यह 33.87 करोड़ व 33.87 करोड़ रुपए की दो बैंक गारंटी बनवाकर दीं। मुझे इसकी वैधता की जानकारी नहीं थी। हमें जून 2023 में मध्यप्रदेश जल निगम से लाखुंदर मल्टी विलेज स्कीम प्रोजेक्ट मिला था। बाबरिया ने बताया कि जब अप्रैल 2025 में फर्जी बैंक गारंटी होने का नोटिस आया तो हमने तत्काल दूसरी 24 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी बनाकर विभाग में जमा कर दी। हमारा प्रोजेक्ट अभी भी चल रहा है और काम कर रहे हैं। साथ ही नियमित भुगतान भी हो रहा है। बाबरिया ने इसमें अपने काम गिनाते हुए कहा कि हमने 16 मल्टी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। इसमें उज्जैन का महाकाल लोक कॉरिडोर भी है। इसका उद्घाटन खुद पीएम ने किया था। लेकिन राहुल गुप्ता के चलते मुझे इस केस में आरोपी बनाया गया है। इसमें हमारी गलती नहीं है।

### सीबीआई ने रखी यह बात

उधर सीबीआई ने कोर्ट में तर्क रखा कि जल निगम के एमडी केवीएस चौधरी की शिकायत पर यह केस दिसंबर 2025 में दर्ज किया गया था। इसमें तीर्थ गोपीकॉन पर भी पहले हाईकोर्ट के आदेश पर जांच हुई और केस किया गया। शिकायत में था कि मेसर्स एमपी बाबरिया, अंकिता कंस्ट्रक्शन जेवी व अन्य व्यक्तियों द्वारा फर्जी बैंक गारंटी दी गई है। इसमें मनोज बाबरिया और राहुल गुप्ता ने साजिश की है। बाबरिया द्वारा राहुल गुप्ता को भुगतान भी किए गए। यह गारंटी मजोदिया मल्टी विलेज स्कीम व लाखुंदर प्रोजेक्ट के लिए दी थी।

### कोर्ट ने जमानत की खारिज

सभी तर्कों को सुनने के बाद जिला कोर्ट ने इस मामले को गंभीर आर्थिक अनियमितता मानते हुए अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। साथ ही सीबीआई ने यह भी बताया कि आरोपी सीबीआई के सामने पेश नहीं हो रहा है और जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि पहले तीर्थ गोपीकॉन के केस में प्रमुख महेश कुंभानी भी गिरफ्तार हो चुके हैं। साथ ही अन्य आरोपियों को भी सीबीआई ने पकड़ा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।